भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र**

डाकघरः केट
इन्दौर–452013

| विज्ञापन सं. राराप्रप्रौके–3/2010 | आवेदन–पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि 28.02.2011 |
|---|---|

## निम्नलिखित पदों की भर्ती हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

| पद कोड | पद | पदों की संख्या | अर्हता | वांछित अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| I | वैज्ञानिक अधिकारी/सी (कम्प्यूटर) | 01 (अनारक्षित) | कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजी. में बी.ई. अथवा एम.एससी के बाद सीजीपीए के समकक्ष अथवा कंप्यूटर विज्ञान/कंप्यूटर इंजी. में एमई/एम.टेक में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक | C, C++, लिनक्स आपरेटिंग सिस्टम, कंप्यूटर ग्राफिक्स के कार्य का अनुभव । |
| II | तकनीकी अधिकारी/सी (भौतिकी) | 01 (अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित) | भौतिकी से एम.एस.सी. में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक | ––– |
| III | वैज्ञानिक सहायक/बी (कम्प्यूटिंग प्रोग्रामर) | 01 (अनारक्षित) 01 (सुनने में परेशानी हो (पीडी)/ लोकोमोटीव अशक्तता/ शारीरिक विकलांग व्यक्ति के लिए आरक्षित) (ओ.एल./ओ.ए.) | बी.एससी. (कंप्यूटर विज्ञान) में 60 प्रतिशत अंक अथवा बी. एससी. (भौतिकी एवं गणित) में 60 प्रतिशत अंक और कंप्यूटर विज्ञान में एक वर्षीय डिप्लोमा में 60 प्रतिशत अंक | लिनक्स ऑपरेटिंग सिस्टम, C, C++, आदि जैसे विभिन्न संकलकों के कार्य का अनुभव । |
| IV | वैज्ञानिक सहायक/बी (नेटवर्क ऑपरेटर) | 02 (अनारक्षित) | बी.एससी. (कंप्यूटर विज्ञान) में 60 प्रतिशत अंक अथवा बी. एससी. (भौतिकी एवं गणित) में 60 प्रतिशत अंक और कंप्यूटर विज्ञान में एक वर्षीय डिप्लोमा में 60 प्रतिशत अंक | नेटवर्क स्वीच, लिनक्स आपरेटिंग सिस्टम के कार्य का अनुभव । |
| V | आशुलिपिक ग्रेड–II | 01 (अनारक्षित) | (i) मेट्रीकूलेशन या समकक्ष (ii) अंग्रेजी आशुलिपि में 100 शब्द प्रति मिनट की गति तथा अंग्रेजी टंकण में 45 शब्द प्रति मिनट की गति | (i) हिंदी आशुलिपि/हिंदी टंकण का ज्ञान (ii) कम्प्यूटर अनुप्रयोग, डाटा एंट्री तथा डाटा प्रोसेसिंग का ज्ञान |
| नोट : वे प्रत्याशी जो 7 मिनट में 120 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपि परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, उन्हें 7 मिनट में 100 शब्द प्रति मिनट की आशुलिपिक परीक्षा में उत्तीर्ण प्रत्याशियों से ऊपर की श्रेणी में रखा जाएगा । | | | | |

आशुलिपिक वर्ग–II (कोड– V) के पद के चयन का तरीका

प्रारंभिक स्क्रीनिंग, लिखित परीक्षा, आशुलिपि/टंकण परीक्षा (कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में) तथा साक्षात्कार में सफल होने पर चयन किया जाएगा ।

तकनीशियन/बी – 02 (01 अनारक्षित तथा 01 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित)

| | | | |
|---|---|---|---|
| VI | तकनीशियन/बी (इलेक्ट्रॉनिक्स) | एसएससी अथवा एचएससी उत्तीर्ण तथा एचएससी अथवा एसएससी में विज्ञान और गणित में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक और इलेक्ट्रॉनिकी/ इलेक्ट्रॉनिकी सर्विस मेन्टेनेंस में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) | कंप्यूटर नेटवर्क के कार्य से संबंधित क्षेत्र में कार्य का अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| VII | तकनीशियन/बी (इलेक्ट्रिकल) | एसएससी अथवा एचएससी उत्तीर्ण तथा एचएससी अथवा एसएससी में विज्ञान और गणित में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक और विद्युत/इलेक्ट्रानिकी में एक वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र (आईटीआई) | यूपीएस एवं पावर कंडीशनिंग उपकरणों के क्षेत्र में कार्य का अनुभव । |

<u>वेतनमान तथा कुल परिलब्धियाँ (वर्तमान दरों के अनुसार)</u>

| पद कोड | पद का नाम तथा वेतनमान | प्रारंभिक वेतन | | |
|---|---|---|---|---|
| | | वेतन बैंड में वेतन | ग्रेड वेतन | इंदौर में समस्त भत्तों को मिलाकर कुल परिलब्धियां |
| I तथा II | वैज्ञानिक अधिकारी/सी तथा तकनीकी अधिकारी/सी – पीबी–3, ₹ 15600–39100 तथा ग्रेड वेतन ₹ 5400/– | ₹ 15600/– | ₹ 5400/– | ₹ 36970/– |
| III, IV तथा V | वैज्ञानिक सहायक/बी, आशुलिपिक ग्रेड–II – पीबी–2, ₹ 9300–34800 तथा ग्रेड वेतन ₹ 4200/– | ₹ 9300/– | ₹ 4200/– | ₹ 23435/– |
| VI तथा VII | तकनीशियन/बी पीबी–1, ₹ 5200–20200 तथा ग्रेड वेतन ₹ 2000/– | ₹ 6460/– | ₹ 2000/– | ₹ 14539/– |

## <u>अतिरिक्त वित्तीय लाभ</u>

नियमों के अंतर्गत यथा देय सामान्य वेतन और भत्तों के अतिरिक्त अर्थात् मकान किराया भत्ता, परिवतन भत्ता आदि के साथ–साथ परमाणु ऊर्जा विभाग के कर्मचारी विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के तहत आकर्षक वित्तीय लाभ पाने के हकदार हैं। ये लाभ विभाग की विषेश वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकी स्थिति को ध्यान में रखकर दिए जाते हैं और सरकार द्वारा इसकी समय–समय पर समीक्षा की जाती है।

## <u>आवेदन कैसे करें</u>

1. आवेदन–पत्र की एक प्रति विज्ञापन में दिये गये प्रपत्र के अनुसार फुलस्केप पेपर (आकार 34 सेमी X 22 सेमी) में प्रस्तुत करना चाहिए । आवेदन–पत्र टंकित हो तो अच्छा रहेगा ।
2. आवेदन–पत्र और लिफाफे पर नीचे दिये गये अनुसार लिखा होना चाहिए ।

| **पद के लिए आवेदन–पत्र** | **पद कोड** | **पद** |
|---|---|---|
| | | |

3. यदि उम्मीदवार एक से ज्यादा पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, तो प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन–पत्र प्रस्तुत किये जाने चाहिए ।
4. <u>फोटोग्राफ</u>: मूल आवेदन–पत्र के दाहिने हाथ के ऊपरी कोने पर पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित नवीनतम फोटो चिपकाना चाहिए।
5. <u>प्रमाण–पत्रों की प्रतिलिपियाँ :</u> उम्मीदवारों को अपने आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित अंकतालिकाओं/प्रमाण–पत्रों की एक–एक सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करनी चाहिए :
   क) शैक्षिक योग्यताएँ एवं तकनीकी योग्यताएँ।
   ख) जन्म तिथि
   ग) उनका दावा कि वे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक विकलांग/भूतपूर्व सैनिक/अन्य पिछड़ा वर्ग के/खिलाड़ी है ।
   घ) अनुभव, विशेष रूप से किए गए कार्य का उल्लेख करते हुए ।
6. <u>नोट :</u> (क) केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत व्यक्तियों को अपने आवेदन–पत्र उचित माध्यम से भेजना चाहिए । तथापि वे अपने आवेदन–पत्र की एक अग्रिम प्रति ऊपर लिखे संलग्नकों के साथ नीचे दिये गये पते पर भेज सकते हैं ।
   (ख) पूर्ण रूप से भरे गये आवेदन–पत्र निम्नलिखित पते पर भेजे जाने चाहिए :–

**प्रशासनिक अधिकारी – III**
**राजा रामन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केन्द्र,**
**परमाणु ऊर्जा विभाग,**
**डाक घर : केट, इन्दौर–452 013.**

7. **चेतावनी** : ऐसे आवेदन–पत्र, जो विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं हैं – अर्थात् आवेदन–पत्र जो निर्धारित प्रपत्र में नहीं हैं, जिसके साथ पासपोर्ट आकार का स्वसत्यापित फोटो तथा प्रमाण–पत्रों की सत्यापित जेराक्स/फोटो प्रतियाँ संलग्न नहीं है, **स्वीकार नहीं किये जाएंगे**।

8. विज्ञापन में दर्शाई गई जरूरतों को सिर्फ पूर्ण करने से ही प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं हैं । जहां इस विज्ञापन के प्रत्युत्तर में प्राप्त आवेदन–पत्रों की संख्या अधिक है तथा इस केन्द्र के लिए सभी उम्मीदवारों का साक्षात्कार करना व्यवहार्य नहीं है, तो यह केन्द्र, प्राप्त अंकों के प्रतिशत और दीर्घकालीन अनुभव के आधार पर साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या सीमित कर सकता है ।

9. आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से अधिक योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों, जो उच्च पदक्रम में नियुक्ति के पात्र बन जाते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के आवेदनों पर, अधिक योग्यता के कारण विचार नहीं किया जाएगा ।

10. साक्षात्कार/नियुक्ति के लिए चयनित नहीं होने वाले उम्मीदवारों से किसी भी तरह का पत्र–व्यवहार नहीं किया जाएगा।

11. किसी भी प्रकार के प्रभाव/सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा ।

## आवेदकों की जानकारी के लिए सामान्य शर्तें

1. दिनांक **28.02.2011** को आयु सीमा

| | | |
|---|---|---|
| कोड–। पद हेतु | : | 18 से 35 वर्ष के बीच |
| कोड–।। से VII तक के पदों हेतु पद हेतु | : | 18 से 27 वर्ष के बीच |

(अधिक अनुभव तथा उत्कृष्ट योग्यता की दशा में ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है।)

2. उपर्युक्त के अलावा आयु में छूट :

| | | |
|---|---|---|
| क) अजा/अजजा | : | 5 वर्ष |
| ख) अन्य पिछड़ा वर्ग | : | 3 वर्ष |
| ग) भूतपूर्व सैनिक | : | वास्तविक आयु से सशस्त्र सेना सेवा की सेवा–अवधि घटाने के बाद परिणामिक उम्र, संबंधित सेवा पद के लिए निर्धारित अधिकतम ऊपरी आयु सीमा से ज्यादा नहीं होना चाहिए जिसके लिए वे तीन वर्ष से अधिक नियुक्ति चाहते हैं । |
| घ) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति | : | अल्पदृष्टि, बधिर–मूक और शारीरिक रूप से विकलांगों के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष तक की छूट । |
| ड़) सरकारी कर्मचारी | : | केन्द्र सरकार के आदेशों के अनुसार । |

3. उन व्यक्तियों को उच्च आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट की स्वीकृति रहेगी जो एक जनवरी 1980 के दिन से 31 दिसंबर, 1989 तक के दिन की अवधि के दौरान जम्मू–कश्मीर राज्य के कश्मीर डिविजन में साधारणतः निवास करते थे परन्तु किसी भी परीक्षा में बैठने के लिए उच्च आयु सीमा में छूट सम्बद्व नियमों के अंतर्गत अनुज्ञेय अधिकतम अवसरों की शर्त पर होगी।

**निवास सबूत के संबंध में प्रमाणपत्र**–नियम 3 के अंतर्गत आयु सीमा में छूट चाहने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित प्राधिकारी का एक प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना चाहिएः–

(क) कश्मीर डिविजन के जिला मजिस्ट्रेट का प्रमाण–पत्र कि वे उस क्षेत्र में निवास करते थे अथवा

(ख) जम्मू–कश्मीर सरकार द्वारा इसके लिए पदनामित अन्य कोई प्राधिकारी का इस आशय का प्रमाण–पत्र कि वे एक जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक के दिन की अवधि के दौरान जम्मू कश्मीर राज्य के कश्मीर डिविजन में साधारणतः निवास करते थे ।

4. साक्षात्कार आरआरकेट में आयोजित किया जाएगा । पद कोड । एवं ।। के पदों के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए उम्मीदवारों को रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी । तथापि, पद कोड ।। से V के पदों के लिए बाहर के स्थानों से साक्षात्कार हेतु बुलाए गए केवल अजा/अजजा के उम्मीदवारों को रेल/बस की टिकटें प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से आने–जाने का शयनयान श्रेणी के रेल किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी । बाहर के स्थानों से पद कोड ।। से V के पद हेतु साक्षात्कार के लिए बुलाए गए अजा/अजजा के उम्मीदवार यदि वे केन्द्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/निगमों/स्थानीय शासन/पंचायत आदि में कार्यरत है, तो वे रेल/बस किराए की प्रतिपूर्ति के पात्र नहीं हैं।

5. इस विज्ञापन के तहत चयनित किये गये उम्मीदवारों को इंदौर में तैनात किये जाने की संभावना है, लेकिन वे भारत के किसी भी भाग में और परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संघटक इकाई में सेवा करने के लिए उत्तरदायी होंगे ।